25. अनुच्छेद लेखन

किसी विषय पर अपने विचारों को क्रमबद्ध तरीके से लिखना अनुच्छेद लेखन कहलाता है। अनुच्छेद कम शब्दों में अधिक बात कहते हैं। अनुच्छेद लेखन द्वारा बच्चों की विषय के प्रति जागरूकता, उनकी विचारधारा तथा वाक्यों को पिरोने की क्षमता को आँका जाता है।

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को कोई विषय दें तथा उनसे उस पर कुछ वाक्य बुलवाएँ।
- ❖ समझाएँ, अनुच्छेद अपने विचारों को सटीकता से प्रकट करने का माध्यम है।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए अनुच्छेदों को बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ यथासंभव प्रत्येक बच्चे को अनुच्छेद अंश पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ अनुच्छेद लिखते समय ध्यान रखने योग्य बिंदुओं पर चर्चा करें।
- ❖ संकेत बिंदुओं की सहायता से दिए शब्द विषयों का अनुच्छेद लेखन अभ्यास करवाएँ।